हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 23 मई 2026

11 कर्मियों ने पक्का कर्मचारी घोषित करने व 26000 ...




12 फिल्टर टैंक लिकेज कैसे रहे पानी स्टोरेज...



## गर्मी का असर: लाखों की केबल पानी की तरह पिंघली, एकदम आधे शहर की बत्ती गुल

# 200 केवी के ट्रांसफार्मर में लगी आग सैकड़ों लोगों की अंधेरे में बीतेगी रात

**दर्जन से ज्यादा फूलों वालों के खोखे जले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार दोपहर बाद अचानक नया बाजार फूलों वाले चौक पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग से आसपास करीब एक दर्जन से ज्यादा फूलों वालों के खोखे जलकर राख हो गए। आग से लाखों रुपये की केबल भी पानी की तरह पिंघल गई। एकदम आधे शहर की बिजली गायब हो गई। गनीमत यह रही कि जिस वक्त आग लगी।

*करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका।*

*आगजनी की घटना के बाद विद्युत निगम की टीम मौके पर पहुंची*

उस वक्त उन खोखों में कोई भी व्यक्ति नहीं था। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। समाचार लिखे जाने तक आग नियंत्रण में थी,लेकिन पूरी तरह से लपटें शांत नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास तेज धमाके के साथ नया बाजार में फूल वाले चौक पर लगे ट्रांसफार्मर में धमाका हुआ। लोग कुछ समझ पाते कि उससे पहले





भिवानी। ट्रांसफार्मर में लगी आग की उठतीं लपटें और आग की लपटों के दौरान उपस्थित लोग।

ट्रांसफार्मर से आग की लपटें निकलने लगी। आग की लपटों को देखकर लोगों में अफरा तफरी मच गई। आग की लपटों ने वहां पर फूल बेचने वालों द्वारा लगाए गए खोखों को अपने आगौश में ले लिया। जिससे आग की लपटें और तेज हो गई। इस दौरान बिजली के एक पोल से दूसरे पोल तक लगाई गई बिजली की केबल भी आग से पानी की तरफ टपकने लगी। कई जगहों पर बिजली के तार भी टूट कर सड़क पर गिर गए। हालांकि इस दौरान अपने आप पूरे इलाके की बिजली की सप्लाई कट गई। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने आग की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। करीब पौने घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग की लपटों को आगे बढने से रोका गया। अगर दमकल विभाग के दस्ते को पहुंचने में थोड़ी सी और देर हो जाती तो पूरे बाजार को आग अपने आग्रोश में ले लेती। दूसरी तरफ आगजनी की घटना के बाद विद्युत निगम की टीम मौके पर पहुंच गई थी।

### ओवरहीट से लगी आग

फायर मैन अजय कुमार ने बताया कि करीब साढे तीन बजे के आसपास उनको फूलों वाला चौक नया बाजार में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते वे मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। ट्रांसफार्मर के पास लगे खोखों में आग लगने से लपटें तेज रही। करीब आधे पौने घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि आग लगने का मुख्य कारण ज्यादा गर्मी की वजह से ट्रांसफार्मर ओवरहीट हो रहे हैं। यही वजह यहां पर आग लगने का कारण बनी है। गर्मी बढ़ते ही बिजली की डिमांड भी बढ़ गई, जिससे ट्रांस्फार्मरों पर लोढ़ बढ़ रहा है।

### बिजली को चालू करने का विकल्प तलाश रहे कर्मचारी

जिस इलाके में ट्रांसफार्मर में आग लगी है। उस इलाके के करीब डेढ सौ से दो सौ घरों में एकदम बिजली की सप्लाई बंद हो गई। कई मीटर तक बिजली की वायर जल गई। अब इन उपभोक्ताओं की रातें बिना बिजली के ही कटने वाली है। हालांकि विद्युत निगम कोई विकल्प तलाशने में जुटा है,लेकिन जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बन जाती। तब तक इस इलाके के लोगों को अंधेरे में ही रहना पड़ेगा। फिलहाल बिजली निगम के कर्मचारी बिजली की सप्लाई चालू करने का विकल्प तलाश रहे हैं।



भिवानी। दोपहर को सुनसान पड़ा लोहारू का मुख्य बाजार।

# पारा 44 के पार, सुनसान हुए बाजार, व्यापार पर मंदी की मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

थारू मरुस्थल के अंतिम छोर पर बसे लोहारू इलाके में गर्मी ने अपने तेवर कड़े कर लिए हैं तथा दोपहर का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार करने लगा है। दोपहर में आसमान से बरसती आग के चलते बाजार सुनसान दिखाई देने लगे हैं। मंदी की मार और ऊपर से गर्मी के तेवरों ने दुकानदारों की हालात खराब कर दी है। जानकारी अनुसार ज्येष्ठ माह में शुरू होने वाले नौ दिन के नौतपे से पहले ही सूरज की गर्मी ने सबको बेहाल कर दिया हैं।

### नौतपा 25 से

इस बार 25 जून से नौतपा है तथा इन नौ दिनों के दौरान प्राकृतिक रूप से जमीन तपती है। इस बार प्रशासन और सरकार ने भी बढ़ती गर्मी को देखते हुए 25 मई से ही ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है, यहीं नहीं मौसम विभाग भी गर्मी को देखते हुए समय समय पर एडवाइजरी जारी कर रहा है और दोपहर में घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दे रहा है। पिछले चार-पांच दिनों से गर्मी ने अपने तेवर कड़े कर लिए हैं तथा शुक्रवार को गर्मी के चलते सुबह 11 बजे बाद भी बाजारों की रौनक गायब हो गई हैं। चार-पांच दिनों पड़ रही चिलचिलाती गर्मी के बीच दोपहर में बाजार सुनसान दिखाई देते हैं तथा सुबह और सायं ही बाजारों में रौनक दिखाई देती है।

> ज्येष्ठ माह में शुरू होने वाले नौ दिन के नौतपे से पहले ही सूरज की गर्मी ने सबको कर दिया बेहाल

### शीतल पेय की डिमांड बढ़ी

सायं को शीतल पेय, आइसक्रीम, जूस, फल विक्रेता और चाट आदि की रेहडिय़ों व दुकानों पर रौनक देखने को मिलती है। वहीं अलसुबह व सायंकाल के समय स्वर्ण जयंती पार्क व शास्त्री पार्क में लोगों की भीड़ देखी जा सकती है।



भिवानी। ग्रामीणों से रूबरू होते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

# गांव समसपुर के ग्रामीणों ने अपना अनशन वापस लेने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- विधायक सुनील सांगवान समसपुर धरने पर पहुंचे
- दादरी में बनी स्पेशल नारकोटिक्स यूनिट

हरियाणा सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चरखी दादरी जिला को बड़ी सौगात मिली है। विधायक सुनील सांगवान ने गांव समसपुर में नशे के विरोध में चल रहे ग्रामीणों के धरने पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि क्षेत्र से नशा माफियाओं का पूरी तरह सफाया किया जाएगा।

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि उन्होंने दादरी क्षेत्र में बढ़ती नशे की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विशेष मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने तुरंत प्रभाव से चरखी दादरी में समर्पित स्पेशल नार्कोटिक यूनिट के गठन को मंजूरी प्रदान की है। साथ ही यूनिट के लिए आवश्यक स्टाफ की तैनाती भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा बचे हुए आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। सरकार और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट होकर गांव समसपुर के ग्रामीणों ने अपना अनशन वापस लेने की घोषणा की। ग्रामीणों ने विधायक सुनील सांगवान के प्रयासों तथा सरकार की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस कार्रवाई पूरी होने के बाद धरना भी समाप्त कर दिया जाएगा। विधायक सुनील सांगवान ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई में समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा और पुलिस व प्रशासन का सहयोग करना होगा।


# विधायक के कहने पर आबकारी विभाग ने ठेका किया सील

- विधायक ने धरने पर पहुंचकर ग्रामीणों को दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव दगड़ौली में मुख्य बस स्टैंड के पास संचालित किए जा रहे शराब ठेके के विरोध में ग्रामीणों का रोष दूसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने शुक्रवार को भी बेमियादी धरना प्रदर्शन करते हुए ठेके को तुरंत बंद करने और गांव की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने की मांग उठाई। बढ़ते विरोध और जनभावनाओं को देखते हुए प्रशासन ने आखिरकार कार्रवाई करते हुए शराब बिक्री बंद करवा दी तथा आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ठेके को सील कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का आरोप था कि आबकारी विभाग ने जानबूझकर मंदिर, सामुदायिक भवन और मुख्य बस स्टैंड के समीप शराब ठेका संचालित करने की अनुमति देकर धार्मिक और सामाजिक भावनाओं से खिलवाड़ किया है।

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी सूरत में गांव के बीचोंबीच शराब का ठेका संचालित नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि गांव का मुख्य बस स्टैंड चार



भिवानी। गांव दगड़ौली में शराब ठेके विरोध में धरने पर बैठे ग्रामीणों से बातचीत करते विधायक उमेद पातुवास। फोटो : हरिभूमि

गांवों के लोगों के आवागमन का प्रमुख केंद्र है, जहां से लोग भिवानी, चरखी दादरी और नारनौल के लिए बस सेवा लेते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन कॉलेज और शिक्षण संस्थानों के लिए यहां से यात्रा करते हैं, जिससे अभिभावकों में भी भारी नाराजगी है। धरने के दूसरे दिन विधायक उमेद पातुवास भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मांगों को जायज ठहराया। विधायक ने उपायुक्त और आबकारी आयुक्त से फोन पर बातचीत कर एक घंटे के भीतर शराब ठेका बंद कराने की चेतावनी दी।

विधायक की चेतावनी और ग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद प्रशासन हरकत में आया। प्रशासन के आदेश पर शराब ठेकेदार ने तत्काल प्रभाव से शराब बिक्री बंद कर दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे आबकारी निरीक्षक सतीश कुमार ने पुलिस की मौजूदगी में ठेके पर ताला लगाकर उसे सील कर दिया। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए झोझूकलां थाना प्रभारी दिलबाग सिंह पुलिस बल सहित मौजूद रहे। धरने की अध्यक्षता सरपंच मीना और पूर्व सरपंच सतपाल सिंह ने की।

धरने में संजय, दीपक शर्मा, देवेंद्र प्रधान, चांद सिंह, रामप्रसाद, सत्यवीर, अजय, कुलदीप, गोपाल, जगदीश, सतलाल सिंह, भूपेंद्र, जुगल, रतन, बबलू, रणवीर सिंह, खेम सिंह, संदीप, कृष्ण लोहान, सुभाषचंद्र, महीपाल आर्य, नरेश और संदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 30 को विशेष लोक अदालत का आयोजन चेक बाउंस के मामलों का होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी द्वारा 30 मई को भिवानी सत्र प्रभाग में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए 10 पीठ गठित की गई है, जो मामलों की सुनवाई करेंगी। यह लोक अदालत परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138, यानी चेक बाउंस से जुड़े मामलों के समाधान के लिए लगाई जाएगी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व डीएलएसए चेयरमैन डीआर चालिया ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशों पर भिवानी न्यायिक परिसर के साथ-साथ तोशाम, लोहारू और सिवानी उपमंडलों में भी विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित चिन्हित मामलों की सुनवाई और समझौते के माध्यम से निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए विभिन्न न्यायिक अधिकारियों, कानूनी सहायता अधिवक्ताओं और पैनल अधिवक्ताओं की बेंच गठित की गई है। इन बेंचों में जिला एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीजेएम, एसीजे और अन्य न्यायिक अधिकारी शामिल रहेंगे।

> 10 पीठ गठित की गई है, जो मामलों की सुनवाई करेंगी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संबंधित अधिकारियों, बार एसोसिएशन तथा लोक अदालत सदस्यों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विशेष लोक अदालत के माध्यम से चेक बाउंस मामलों का त्वरित और आपसी सहमति से निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे लोगों को लंबे कानूनी विवादों से राहत मिल सके।

# भीषण गर्मी के चलते 25 मई से 30 जून तक रहेंगे स्कूल बंदः डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

घोषित किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सभी विद्यालय इस अवधि के दौरान बंद रहेंगे तथा 1 जुलाई 2026 से विद्यालय पुनः सामान्य रूप से खुलेंगे।

उन्होंने जिले के सभी विद्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश संबंधी आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आदेश जारी होते ही सभी विद्यालय अपने-अपने क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को समय पर जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों और अभिभावकों को अवकाश की शुरुआत एवं समाप्ति की जानकारी सूचना-पत्र, एसएमएस, व्हाट्सएप संदेश तथा अन्य संचार माध्यमों के जरिए उपलब्ध करवाएं। डीईओ ने बताया कि अवकाश अवधि के दौरान गृहकार्य, एसएमसी बैठकें, पीटीएम एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों को लेकर समयानुसार उचित कार्यवाही की जाएगी। वहीं मिड डे मील (एमडीएम) योजना का संचालन भी अवकाश अवधि के दौरान स्थगित रहेगा। उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों से अपील की कि बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार के निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें।

## गृहकार्य से जी चुराने वाले विद्यार्थियों की खैर नहीं

# अभिभावकों से शेयर करना होगा ग्रीष्मकालीन गृहकार्य

- गृहकार्य देने के बाद शिक्षक अभिभावकों के साथ मीटिंग करेंगे
- बैठक में पीटीएम कमेटी के मेम्बरों को भी बुलाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मिलने वाले गृहकार्य से जी चुराने वाले विद्यार्थियों की खैर नहीं। चूंकि इस बार गृहकार्य देने के बाद शिक्षक अभिभावकों के साथ मीटिंग करेंगे तथा उनके साथ बच्चों को दिए जाने वाले गृहकार्य को शेयर किया जाएगा। ताकि अभिभावक बच्चों को घर पर पूरा स्कूल का कार्य करवा सके। उक्त मीटिंग शनिवार को आयोजित होगी। इस मीटिंग के आयोजन के बाद विभाग की साइट पर सारी जानकारी उपलब्ध करवानी होगी। इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

शिक्षा विभाग ने भेजे निर्देशों में कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को इस तरह के गृहकार्य दिए जाए, जिनका वास्तविक जीवन से अनुभवों को सीखने का मौका मिल सके। इस दौरान बच्चों की रचनात्मक स्वायतता और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करे। विद्यार्थी इन गतिविधियों को अपने परिवार के सदस्यों के सहयोग से पूण करेंगे। अभी तक कई बच्चे ग्रीष्माकाश के दौरान दिए गए गृह कार्य को पूरा करने में कोताही बरतते है। बच्चों का स्कूल का कार्य पूरा नहीं हो पाता। जिस वजह से क्लास में सिलेबस का कोर्स अधूरा रह जाएगा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने 23 मई को अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की जाए। बैठक में अभिभावकों के अलावा पीटीएम कमेटी के मेम्बरों को भी बुलाया जाए। ताकि उनसे भी होमवर्क को लेकर कोई सुझाव लिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि बैठक से पहले बच्चों को दिए जाने वाले होमवर्क की एक पीडीएफ फाइल तैयार करवाई जाए। किस क्लास में किस विषय का बच्चों को कितना होमवर्क दिया गया है।



यह जानकारी सभी क्लास के बच्चों के बारे में दी जानी निहायत जरूरी है। क्लास इंचार्ज बच्चों को दिए गए होमवर्क की सब्जेक्ट के हिसाब से पीडीएफ फाइल तैयार करे और उसके विभाग के पोर्टल पर अपलोड की जाए।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 27 तक 10 से एक बजे तक चलेगी


पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास, भिवानी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 10, 11 एवं 12 में रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा 11 में केवल वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उपलब्ध रहेगा। विद्यालय प्राचार्य मोहिंद्र ने बताया कि प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 22 से 27 मई 2026 तक चलेगी। आवेदन फॉर्म विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित विद्यालय परिसर में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक जमा कराए जा सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से आवेदन करने से पहले केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रवेश मार्गदर्शिका का अध्ययन करने की अपील की है। प्रवेश मार्गदर्शिका पर उपलब्ध है। कक्षा 10 एवं 12 में प्रवेश के लिए केवल वही विद्यार्थी पात्र होंगे जो सीबीएसई पाठ्यक्रम में अध्ययनरत हैं तथा जिनके अभिभावक सेवा श्रेणी-1 अथवा सेवा श्रेणी-2 में आते हैं।



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।

लाइफ Style



# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों



के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।

# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

**खास अंदाज में दिखे सितारे**



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

# ग्रामीण सफाई कर्मियों ने सरकार का पुतला फूंककर जताया रोष

## पक्का कर्मचारी घोषित करने और 26000 रुपये वेतन देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू के आह्वान पर हड़ताल शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रही। ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का कर्मचारी घोषित करने, 26000 रूपये वेतन देने, एक्सग्रेसिया स्कीम लागू करने, 400 की आबादी पर स्थायी कर्मचारी की भर्ती करने की मांग को लेकर कर्मियों ने उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। धरने की अध्यक्षता सुमित सिंह व संचालन गोबिंद ने किया। रोष सभा व हड़ताल को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा हैं। प्रदेशभर में तपती गर्मी के बावजूद ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगो लेकर आन्दोलन के मैदान में डटे हुए हैं। वहीं भिवानी, लोहारू, बहल व सिवानी में ग्रामीण सफाई कर्मचारी हड़ताल के धरनों पर डटे हुए हैं, जबकि मुख्यमंत्री व मंत्री एसी गाड़ियों के काफिलों के साथ प्रदेशभर में घुमकर खुद को महिला, अनुसूचित जाति व मजदूर हितैषी होने का दिखावा करते नहीं थक जायज मांगों को लेकर आन्दोलन कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल को सप्ताह बीतने के बावजूद इन्हें हड़ताली कर्मियों से बात करने तक की फुर्सत नहीं हैं, जिसके विरोधस्वरूप 24-25 मई को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के महापड़ाव डालने का निर्णय लिया हैं। प्रदर्शन व सभा को सीटू नेता कामरेड अनिल, स्वराज किसान मोर्चा प्रधान जोगेंद्र, रामजस, यूनियन नेता गोविंद, प्रदीप, मंजीत व दुष्यंत आदि नेताओं ने संबोधित किया।






भिवानी। सरकार का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी तथा बीडीपीओ कार्यालय के समक्ष धरने पर सरकार का पूतला फूंकते सफाई कर्मचारी।

### लोहारू में धरना छठे दिन भी रहा जारी

लोहारू। खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी कार्यालय के सामने ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन का धरना छठे दिन भी जारी रहा। ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर तपती गर्मी में धरने पर बैठे है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के खंड प्रधान हरपाल बड़दु मुगल ने बताया कि सरकार अपनी हठधर्मिता के चलते ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगे मानने में आनाकानी कर रही है। ग्रामीण सफाई कर्मचारी सरकार की वादा खिलाफी के विरुद्ध धरने पर बैठने को मजबूर हो गए है। सर्व कर्मचारी संघ के खंड प्रधान डॉ. सुरेश भारद्वाज ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को बिल्कुल जायज बताया। इस मौके पर अनेक ग्रामीण सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

### कैबिनेट मंत्री के आवास पर पड़ाव डालेंगे कर्मचारी

बाढ़ड़ा। उपमंडल के विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के समक्ष सातवें दिन भी लगातार धरना प्रदर्शन जारी रखा तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार का पूतला दहन किया। उपमंडल के सफाईकर्मियों ने प्रदेश सरकार द्वारा बार-बार बढाए वेतन को जारी नहीं करने के विरोध में चेतावनी दी कि अनिश्चितकाल खंड कार्यालयों पर रोष अभियान व 24-25 मई को प्रदेशभर के सभी कर्मचारी नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर महापड़ाव डालेंगे। धरने को कांग्रेस के पूर्व विधायक सोमवीर सिंह ने पहंचकर समर्थन किया। हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संजय जीतपूरा की अगुवाई में संचालित धरने पर मौजूद कर्मियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सोमवीर ने कहा कि विश्व में श्रम कानूनों के उल्लंघन में देश सबसे निचले पायदान पर है। आज सफाईकर्मियों को पच्चास फीसदी मानदेय पर जीवन बसर करना मजबूरी बन गया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार श्रम कानूनों के नाम पर बड़ा बजट तो आवंटित कर देती हैं, लेकिन वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। सीटू नेता सूमेर सिंह धारणी ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का करने, 26 हजार न्यूनतम वेतन लागू करने, चार सौ की आबादी पर स्थायी भर्ती करने, एक्सग्रेशिया नीति लागू करते हुए मृतक कर्मचारी के परिवार को नौकरी देने, ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 50 लाख रुपये मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में गहरा रोष बना हुआ है।

## जनस्वास्थ्य और सिंचाई विभाग सामंजस्य बनाकर कार्य करें: डीसी

■ जल जीवन मिशन-02 के तहत दिए लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करें : डीसी

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई विभाग, पंचायत एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल जीवन मिशन-02 के तहत दिए लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करें। लोगों के घरों में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के साथ-साथ लोगों को पानी की एक-एक बूंद बचाने और स्वच्छता के लिए जागरूक करें।

डीसी गुप्ता लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जल जीवन मिशन-02 के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से सचिव एवं जल जीवन मिशन के निदेशक अशोक केके मीना ने भी वीसी के माध्यम से जल जीवन मिशन अभियान में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्थाओं को सेवा उपयोगिता दृष्टिकोण से देखें ताकि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया हो सके। इसके साथ ही सुजलाम भारत पोर्टल के माध्यम से सभी जलापूर्ति योजनाओं की डिजिटल मैपिंग, ऑनलाइन मॉनिटरिंग तथा डेटा अपडेट नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीसी ने जलघरों, ट्यूबवेलों, फिल्टर यूनिटों एवं वितरण प्रणाली की कार्यक्षमता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।



भिवानी। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं की सुंदर कलाकृतियों ने मोहा अभिभावकों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

■ इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के मानसिक विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका : बलराज फौगाट

चित्रकला सिर्फ रंग और कागज का खेल नहीं है। ये हमारे मन की खिड़की है। जो बात हम शब्दों में नहीं कह पाते, वो एक तस्वीर कह देती है। उक्त पंक्ति को चरितार्थ करते हुए एचडी स्कूल बिरोहड़ में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं-कक्षा ग्यारहवीं से स्नेहा, हिमानी, दीक्षा, ईशु, निकिता, साक्षी, वंशिका, खुशी, प्रिया, दिव्या, मनिषा, नयाशा व कक्षा बारहवीं से निरव शर्मा, खुशी, गरिमा, रिया, प्राची, याचना, अंशिका, ईशु, पूजा, निधि, सिया, रितिका, रिया, अंशु, ऐकता, हिमांशी, किर्ति, ईशिका, नेहा, मीनु, तमन्ना, डिम्पी, सुहानी, भावना, नितु एवं वर्षा ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंग-बिरंगे गमलों को आकर्षक कलाकृतियों में बदल दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला, सौंदर्यबोध तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने मिट्टी के साधारण गमलों को रंगों, चित्रकारी, फूल-पत्तियों और पारंपरिक डिजाइनों से सजाकर अपनी कल्पनाशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। किसी ने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया तो किसी ने भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। छात्राओं की सुंदर कलाकृतियों ने सभी शिक्षकों एवं उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया।

विद्यालय के निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता दिखाने के अवसर भी मिलने चाहिए। जब हम चित्रकारिता में रंग भरते हैं, तो हम अपनी कल्पना को उड़ान देते हैं।

## सरकार की दोगली नीतियों से कर्मचारी परेशानः जरनैल सिंह

नारनौल। सर्व कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान कौशल कुमार यादव ने की। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सेंगलिया तथा सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जरनैल सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार की दोगली नीतियों के कारण प्रदेश के कर्मचारी परेशान हैं। कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि कर्मचारियों को एकजुट कर उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया जा सके।

## बीज उपचार को आदत के रूप में अपनाएं किसानः डॉ. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ ग्वार फसल को हानि पहुंचाने वाले विभिन्न कीटों और बीमारियों की जानकारी दी

पौधों की कुछ बीमारियां ऐसी होती है, जिनकी हानिकारक जीवाणु भूमि अथवा बीज में होती हैं, ऐसी बीमारियों के लिए उपयुक्त जीवाणुनाशक दवाओं से बीज को उपचारित कर बोया जाए तो इनकी सफल रोकथाम हो सकती है। अगर किसान बीज उपचार करने से चूक जाता है तो बाद में इनकी रोकथाम कठिन होती है। अतः फसलों में जड़-गलन या उखेड़ा की बीमारी लगती है, वहां दवाओं से बीज उपचार करना बहुत जरूरी है, उक्त विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत्त डॉ. आरके सैनी ने व्यक्त किए। उन्होंने ग्वार फसल को हानि पहुंचाने वाले विभिन्न कीटों व बीमारियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान ग्वार, मूंग, सरसों, चना, मेथी आदि में कार्बन्डाजिम से बीज को उपचारित करने को आदत डाल लें।



भिवानी। किसानों को संबोधित करते कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरके सैनी।

## प्रत्येक शिकायत को गंभीरता के साथ निपटाएं

■ प्रार्थी को बार बार शिकायत करने की जरूरत ना पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सभी विभागों के अधिकारी शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ लेते हुए समाधान करना सुनिश्चित करे। शिकायत का समाधान करते समय प्रार्थी को संतुष्ट करे, ताकि प्रार्थी को एक ही शिकायत बार बार समाधान शिविर या सीएम विंडों पर ना लगानी पडे। सभी अधिकारी शिकायत करने वाले प्रार्थी को बुलाकर उसकी समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजा शेखर वुंडरू ने समाधान शिविर में आई समस्याओं की वीडियो कांफ्रेंस से समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला की ओर से सीटीएम डा सुभाष चंद्र ने जानकारी साझा की। वीसी के बाद उन्होंने कहा कि निर्धारित समय अवधि से ज्यादा समय तक लंबित रहने वाली शिकायतों का निपटारा जल्द से जल्द करना किया जाए और अधिकारी समाधान करने उपरांत पोर्टल पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान कर उसकी एटीआर भी पोर्टल पर अपलोड करें। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की पोर्टल पर डिटेल जानकारी अपडेट करें, ताकि शिकायतें दोबारा ओपन ना हो। अधिकारियों की रिमार्क्स स्पष्ट ना होने के कारण शिकायतों की पेंडिंग में संख्या ज्यादा होती है। इनको कम करने के लिए जांच रिपोर्ट भरकर विस्तृत जानकारी पोर्टल पर अपडेट करें। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है उन शिकायतों को जांच रिपोर्ट के साथ तुरंत प्रभाव से रिजेक्ट करें और पोर्टल पर डाटा अपडेट करें। उन्होंने कहा कि सोमवार व वीरवार को उपमंडल और जिला स्तर पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं जुडकर प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोगों की शिकायतों को सुनते हैं। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय से समीक्षा भी की जाती है।



चरखी दादरी। वीडियो कांफ्रेंस से शिकायतों समीक्षा करते। फोटो : हरिभूमि

## आकांक्षी ब्लॉकः बहल जोनल स्तर पर 7वें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ आकांक्षी ब्लॉक की समीक्षा बैठक में डीसी ने दी जानकारी

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक लोहारू और बहल में किए जा रहे सार्थक प्रयासों के चलते रचनात्मक सुधार हुआ है। ब्लॉक बहल ने फिलहाल जोनल स्तर पर 7 वां तथा लोहारू ने 5वां स्थान हासिल किया है, जबकि जुलाई-सितंबर 2025 में बहल का जोनल स्तर पर 82वां और लोहारू का 83 वां स्थान था।

इसी प्रकार से नेशनल स्तर पर की बात की जाए तो बहल ने फिलहाल 68 वां स्थान पाया है और लोहारू ने 37 वां स्थान हासिल किया है। जबकि पिछले वर्ष जुलाई-सितंबर में बहल नेशनल स्तर पर 455 वें तथा लोहारू 468 वें स्थान पर था। डीसी ने आकांक्षी ब्लॉक से सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इसी प्रकार से पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। डीसी श्री गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जोनल स्तर पर हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के 85 ब्लॉक शामिल हैं और राष्ट्रीय स्तर पर देशभर के कुल 513 ब्लॉक आकांक्षी योजना में हैं, जहां चहुंमुखी विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि ये ब्लॉक किसी भी क्षेत्र में अन्य ब्लॉक से पीछे ना रहें। बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पशुपालन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ग्रामीण विकास आदि विभागों की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भारत सरकार की हिदायतों के अनुरूप लक्ष्यों पर गंभीरता से कार्य करें। योजनाओं को अमलीजामा पहनाएं और पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी अपने- अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर आंकड़ों को समय पर अपडेट करें। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित पोर्टल पर आंकड़ों को समय पर अपडेट करवाएं।



नारनौल। अस्पताल में छापेमारी के दौरान जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सीएम फ्लाइंग ने निजी अस्पताल में मारा छापा

नारनौल। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम रेवाड़ी और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने सिंघाना रोड स्थित निजी अस्पताल में छापेमारी की। इस दौरान अस्पताल में कई अनियमितताएं उजागर हुई। टीम ने मौके से एक एमटीपी किट कब्जे में लेकर सील कर दी। वहीं अस्पताल के अंदर बीयर की खाली बोतलें भी मिली। शहर में नशीली दवाएं मिलने की शिकायत के आधार पर शुक्रवार को निरीक्षक मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम के नेतृत्व में छापेमारी की गई। टीम में मेडिकल अधिकारी डॉ. नवीन कुमार, एमटीपी नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, ड्रग कंट्रोल अधिकारी प्रशांत कुमार और गुप्तचर विभाग के कर्मचारी शामिल रहे।

## मकानों के सूचीकरण कार्य को तेज गति की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ डीसी साहिल गुप्ता की सख्ती से 21 शाम तक जिला में हो चुका है कुल 42 . 88 प्रतिशत कार्य पूरा

डीसी साहिल गुप्ता के सख्ती से जिला में जनगणना-2027 अभियान ने रफ्तार पकड़ी है। जिला में मकानों की सूचीकरण के लिए बनाए गए 2080 ब्लॉक में से फिलहाल 892 ब्लॉक में कार्य संपन्न हो चुका है। ऐसे में सूचीकरण का कुल 42. 88 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन डीसी द्वारा 24 मई तक कार्य पूरा करने की दी गई डेडलाईन के अनुरूप अभी भी प्रगणकों को और अधिक तेज रफ्तार पकडऩे की दरकार है।

वहीं दूसरी ओर डीसी ने जिला के सभी जनप्रतिनिधियों को मकानों की सूचीकरण कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रहित में भारत सरकार द्वारा शुरु किए गए जनगणना के कार्य के चलते जारी आदेशों की उल्लंघना करने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। फिलहाल की मकानों की सूचीकरण पर नजर डालें तो ब्लॉक में भिवानी में 566 ब्लॉक में से 118 में काम पूरा हो चुका है। बवानीखेड़ा तहसील में 248 में 145 में काम पूरा हो चुका है। सिवानी तहसील में 139 में 74 में काम पूरा हो चुका है। लोहारू तहसील में 247 में से 163 में काम पूरा हो चुका है। तोशाम तहसील में 322 में से 188 में कार्य पूरा हो चुका है। भिवानी एमसी में 448 में से 127 में काम पूरा हो चुका है। बवानीखेड़ा एमसी में 43 में से 30 में कार्य पूरा हो चुका है। सिवानी एमसी में 38 में से 37 में कार्य पूरा हो चुका है। लोहारू एमसी में कुल 29 ब्लॉक में से 10 में काम पूरा हो चुका है। ऐसे में 2080 ब्लॉक में 892 ब्लॉक में शुरु पूरा चुका है, जबकि अभी भी 1188 ब्लॉक में कार्य पूरा होना शेष है। डीसी ने सभी प्रगणकों को 24 मई तक अपना कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 तहत जिला में गणना कार्य के लिए जिला में 2080 ब्लॉक बनाए गए हैं। एक ब्लॉक में 700 से 900 की जनसंख्या है।

### नागरिकों को जागरूक कर जिले को थैलीसीमिया मुक्त बनाना स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्यः सीएमओ

## भिवानी में थैलीसीमिया के 62 मरीजों को दिया जा रहा नियमित इलाज

8 मई से शुरू थैलीसीमिया जागरूकता पखवाड़ा शुक्रवार को संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में 8 मई से शुरू थैलीसीमिया जागरूकता पखवाड़ा शुक्रवार को संपन्न हो गया। नोडल अधिकारी डॉ. रोहित महला ने बताया कि 8 से 22 मई तक चले विशेष अभियान के अंतिम दिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, डॉक्टरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जिलावासियों को गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक कर भिवानी को थैलीसीमिया मुक्त बनाना है। जागरूकता पखवाड़े के समापन पर सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने पूरी टीम की पीठ थपथपाई। डॉ. शांडिल्य ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का एकमात्र संकल्प जिलावासियों को जागरूक कर भिवानी को पूरी तरह से थैलीसीमिया मुक्त बनाना है। वर्तमान में भिवानी में थैलीसीमिया के 62 मरीज हैं, जिन्हें विभाग नियमित तौर पर इलाज मुहैया करवा रहा है।



भिवानी। बच्चों को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य व अन्य।

### विवाह योग्य युवक-युवती जांच करवाएं

इस बीमारी की श्रृंखला को तोड़ने और भविष्य में मरीजों की संख्या को शून्य पर लाने के लिए सबसे जरूरी कदम है कि विवाह योग्य युवक-युवती शादी के बंधन में बंधने से पहले अपनी थैलीसीमिया की जांच अवश्य करवाएं। सरकार द्वारा थैलीसीमिया की जांच पूरी तरह से निःशुल्क की जाती है। समय रहते जांच करवा ली जाए तो इसके घातक दुष्प्रभावों से आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित बचाया जा सकता है। डॉ. शांडिल्य ने पखवाड़े के दौरान बेहतरीन कार्य करने के लिए डॉ. रोहित महला, डॉ. हर्ष, डॉ. रीटा, डॉ. बबली गुप्ता और नर्सिंग स्टाफ मे सरला, सीमा, वंदना, शैलेश के सराहनीय एवं संतोषजनक योगदान की जमकर सराहना की। इस दौरान बच्चों और आमजन को जागरूक करने के लिए पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिताएं करवाई। सीएमओ डा. शांडिल्य ने कहा कि जागरूकता पखवाड़े ने नागरिकों के बीच नई चेतना जगाई है। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा के विशेष सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें युवाओं और रक्तदाताओं ने 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में एकत्रित रक्त सीधे तौर पर थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों और मरीजों को समय पर खून मुहैया करवाने के काम आएगा। इस मोके पर सागर, नरेंद्र, मुस्कान आदि उपस्थित रहे।

## नीरपुर राजपूत में स्वास्थ्य शिविर आज

मंडी अटेली। अटेली क्षेत्र के गांव नीरपुर राजपूत स्थित शगुन वाटिका में 23 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सक मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श देंगे। वाटिका के संचालक एवं शिविर आयोजक पूर्व चेयरमैन राजबीर सिंह चौहान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि शिविर में फरीदाबाद की महिला दंत चिकित्सक डॉ. भारती छौक्कर, रेवाड़ी से डॉ. अजय कुमार तथा स्थानीय जनरल चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ दंत जांच भी की जाएगी। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।



भिवानी। अधिकारियों की आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए।

### समाधान शिविर की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें

भिवानी। एसडीएम महेश कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। एसडीएम ने विभिन्न विभागों की लंबित एवं रिओपन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सभी विभाग पुरानी शिकायतों की एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) को अपडेट करें तथा नई एटीआर में अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागों में रिओपन शिकायतों की संख्या कम से कम हो तथा रिओपन शिकायतों का जल्द निपटारा किया जाए। इसके साथ ही जिन शिकायतों का समाधान जिला स्तर पर संभव नहीं है और मुख्यालय स्तर से संबंधित हैं, उन्हें समय पर मुख्यालय भेजा जाए तथा शिकायतें दोबारा रिओपन न हों। उन्होंने कहा कि रिओपन एवं पुरानी शिकायतों को सीएफएसएस नंबर सहित नई एटीआर के साथ अपलोड किया जाए ताकि शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में एसडीएम ने लंबित समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें विभागीय स्तर पर निपटाई जा सकती हैं, उनका तत्काल समाधान करें और डिमांड से संबंधित मामलों को अलग श्रेणी में शामिल किया जाए। वही दूसरी ओर से चण्डीगढ़ मुख्यालय से परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजा शेखर वुंडूर ने समाधान शिविर समीक्षा बैठक प्रदेशभर के जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### बीडीपीओ कार्यालय में लगाया वाटर कूलर

**बाढ़ड़ा।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए बीडीपीओ कार्यालय बाढ़ड़ा में आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाया गया। अब कार्यालय में आने वाले लोगों को ठंडे पेयजल की सुविधा मिल सकेगी, जिससे उन्हें गर्मी में राहत मिलेगी। बताया गया कि बीडीपीओ कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं। भीषण गर्मी के चलते लोगों को पेयजल की परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यालय परिसर में वाटर कूलर स्थापित किया गया है। कार्यालय कर्मचारियों व ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की व्यवस्था होने से आमजन को राहत महसूस होगी। बीडीपीओ कार्यालय प्रशासन ने बताया कि लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### योग कक्षा के साधकों ने शरबत की छबील लगाई

**भिवानी।** भीषण गर्मी के मौसम में हर कोई धूप और तपिश से परेशान है, वहीं सामाजिक सरोकार एवं सेवा की भावना से ओत-प्रोत कुछ लोग समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं, ऐसा ही सराहनीय उदाहरण शुक्रवार को नेहरू पार्क के सामने देखने को मिला, जहां योग कक्षा के साधकों ने अनोखी और पर्यावरण-अनुकूल शरबत की छबील लगाई। छबील में सिंगल यूज प्लास्टिक या यूज एंड थ्रो (डिस्पोजेबल) गिलासों का बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं किया। सभी राहगीरों को पूरी तरह से स्वच्छ और ठंडे स्टील के गिलासों में शरबत पिलाया गया। योग कक्षा के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि लोग पुण्य कमाने के चक्कर में छबील लगा देते हैं, लेकिन यूज एंड थ्रो गिलासों के इस्तेमाल से कार्यक्रम खत्म होने के बाद दूर-दूर तक कचरा फैल जाता है, इससे आसपास गंदगी का अंबार लग जाता है, जो पर्यावरण और स्वच्छता के लिहाज से ठीक नहीं है। हमारी टीम ने पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल आयोजन कर स्टील के गिलासों का उपयोग किया, स्वच्छता बनी रहे।

### तीन में से दो ट्यूबवल खराब, स्टैंड बाई दोनों मोटर दे गई जवाब

# फिल्टर टैंक लीकेज कैसे रहे पानी स्टोरेज

**पार्षद संदीप यादव ने समाधान शिविर में एचएसवीपी की खोली पोल**

- एक जरनेटर में तेल नहीं तो दूसरा खराब पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में पॉश कॉलोनियों व सेक्टर काटने, मूलभूत सुविधाए उपलब्ध करवाने वाली सरकारी एजेंसी एचएसवीपी भी जबरदस्त लापरवाही बरत रही है। उक्त एजेंसी के पीने के पानी की सप्लाई देने के आधे से ज्यादा उपकरण ऑऊट आफ आर्डर हो, स्टैंड बाई रखे जाने वाले उपकरणों भी जवाब दे गए हो तो पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों पर क्या बीतेगी। उक्त जानकारी का खुलासा वार्ड संख्या दो के पार्षद संदीप यादव ने समाधान शिविर में किया। उन द्वारा दी गई जानकारी में यह भी खुलासा हुआ कि एचएसवीपी के जलघरों में बिजली न होने पर लगाए गए एक जरनेटर में तेल नहीं तो दूसरा खराब पड़ा है। इस पर समाधान शिविर में अधिकारियों ने एचएसवीपी के अधिकारियों को झाड़ पिलाई। अधिकारियों को तत्काल ऑऊट ऑफ आर्डर संशाधनों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए है। समाधान शिविर में पार्षद संदीप यादव ने बताया कि सिटी रेलवे स्टेशन के नजदीक बने एचएसवीपी के जलघर में अनेक अनियमितताएं बनी है। इसी तरह पार्षद ने समाधान शिविर में बताया कि पानी की कमी के दौरान ट्यूबवैलों के जरिए पानी सप्लाई दी जाती है,लेकिन उक्त जलघर में तीन ट्यूबवेल लगाए गए थे,लेकिन उनमें से दो ट्यूबवेल खराब पड़े है। अव्यवस्था यही नहीं खतम हुई। जलघर में स्टैंड बाई के लिए भेजी गई दोनों मोटर खराब पड़ी है। जिन मोटरों से पानी की सप्लाई दी जा रही है। अगर अचानक खराब हो जाए तो किस तरह से लोगों के घरों में पीने का पानी पहुंच पाएगा। पार्षद ने बताया कि वहां पर बिजली के अघोषित कट के दौरान पानी की सप्लाई देने के लिए दो जरनेटर भेजे गए है,लेकिन एक जरनेटर में तेल नहीं तो दूसरा खराब पड़ा है। पार्षद संदीप यादव ने बताया कि जलघर परिसर में झुंड व सरकंडे खड़े है।

जिस तरफ नजर दौड़ाई जाए। उस तरफ झुंड ही दिखाई देते है। इस बारे में कई बार शिकायत की गई,लेकिन एचएसवीपी इस तरफ कोई कार्रवाई नहीं करती।



**भिवानी।** जलघरों का लीकेज पानी व उगे पटेरा व झुंडों का दृश्य। *फोटो: हरिभूमि*

**आसपास के इलाकों में जमा हो जाता है पानी**

*जलघर में पानी का स्टोरेज करने के लिए बने कुंओं के लिकेज होने की वजह से पानी आसपास के इलाकों में जमा हो जाता है। जिस वजह से एक बारगी तो पूरी मात्रा में पानी स्टोर हो जाता है,लेकिन कुछ दिनों बाद लिकेज की वजह से पानी जल्दी खतम हो जाता है।*



**बवानीखेड़ा।** स्कूल में आयोजित मेडिकल कैम्प में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए।

## सुई के राजकीय स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

- प्राचार्य ने बच्चों को समय पर दवाई लेने बारे जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

सुई के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बच्ची के स्वास्थ्य जांच लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी रश्मि शर्मा के निर्देशन में किया गया। कैम्प में सुई पोएचसी से डॉ अमित वर्मा व भिवानी आयुष विभाग से डॉ राजबाला ने बच्चों के स्वास्थ्य को जांचा। इस दौरान लगभग 120 बच्चो की जांच की गई। कैम्प में स्कूल प्राचार्य राजेश कुमार ने बच्चो को समय पर दवाई लेने बारे जागरूक किया।

डॉ अमित ने लड़कों के स्वास्थ्य की जाँच की तो डॉ राजबाला ने लड़कियों के स्वास्थ्य की जाँच की। डॉ राजबाला ने लड़कियों को मासिक धर्म संबधित जानकारी दी और साथ ही लड़कियों को जानकारी दी की किस तरह से वे खून बढ़ा सकती है। डॉ अमित ने बताया की लडक़ो के पेट में कीड़े होने की ज़्यादा संभावना है।

उन्होंने बताया की महिलाएं और लड़किया दुर्बल है। इस दौरान डॉ ने बच्चों को दवाई भी निःशुलक वितरित की। बच्चों को गर्मी से बचाव व अपना ख़ान- पान अच्छा रखने के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया की लड़कियों को प्रोटीन युक्त खाना खाना चाहिए। वही मोबाइल से दूरी बनाने के बारे में भी कहा कि केवल पढ़ाई के समय ही वे मोबाइल का इस्तेमाल करें।

## युवाओं ने बेहद दुर्लभ ओ नेगेटिव ब्लड रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

**युवाओं ने रक्तदान कर परिवार की टूटती उम्मीदों को किया जिंदा: डूडेजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कहते हैं कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता और समय पर किया गया निःस्वार्थ सहयोग किसी के लिए जीवनदान बन सकता है, ऐसा ही प्रेरक उदाहरण देर रात भिवानी के अस्पताल में देखने को मिला, जहां जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे मरीज के लिए चार युवा देवदूत बनकर आए। मिनी बाईपास क्षेत्र स्थित अस्पताल में कलिंगा गांव का मरीज दाखिल था, जिन्हें आपातकालीन स्थिति में बेहद दुर्लभ माने जाने वाले ओ नेगेटिव ब्लड ग्रुप की सख्त जरूरत थी, क्योंकि ब्लड ग्रुप आसानी से उपलब्ध नहीं होता, इसलिए परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। संदीप भोलिया, अमन भारद्वाज, दुष्यंत व हिमांशु ने आधी रात की परवाह ना करते हुए तुरंत अस्पताल पहुंचकर निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। चारों युवाओं के त्वरित और मानवीय प्रयास से न केवल समय पर रक्त की व्यवस्था हुई, बल्कि मरीज की जान भी सुरक्षित बची। इस सराहनीय और प्रेरक पहल पर शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने इन चारों युवाओं की हौसलाअफजाई की और उन्हें सम्मानित किया। डुडेजा ने कहा कि जब लोग अपनी व्यस्त जिंदगी से समय नहीं निकाल पाते, ऐसे में चारों युवा संदीप, अमन, दुष्यंत व हिमांशु ने आधी रात को अस्पताल पहुंचकर मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा।

## 54 दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

समग्र शिक्षा हरियाणा के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों के सशक्तिकरण एवं समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में भिवानी के जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा भिवानी में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सहायक उपकरणों का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में सहायक परियोजना संयोजक कम प्राचार्य विवेक अदलखा तथा सहायक नोडल अधिकारी सुरेंद्र कुमार विशेष अध्यापक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला परियोजना संयोजक शिव कुमार तंवर ने कहा कि समग्र शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को आधुनिक एवं उपयोगी सहायक उपकरण उपलब्ध करवाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास एवं सामाजिक सहभागिता को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वितरित किए गए उपकरणों के रख-रखाव एवं मरम्मत संबंधी आवश्यकताओं हेतु अभिभावकों से निरंतर संपर्क बनाए रखा जाए, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शिविर के दौरान कुल 54 दिव्यांग विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें बैटरी संचालित ट्रायसाइकिल, व्हल चेयर, सीपी चेयर, रालैटर्स, कैलिपर्स, श्रवण यंत्र, दृष्टिबाधित किट, टीएलएम किट, ट्रायसाइकिल, कृत्रिम अंग, चलने की छड़यिा सहित अन्य उपकरण शामिल रहे। इस अवसर पर जिले के सभी विशेष अध्यापक, एलमिको अधिकारी एवं ड्यूटी स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने विभाग के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे लाभकारी बताया।



**बवानीखेड़ा।** दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए।

**बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास**

इन उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने एवं दैनिक जीवन में अधिक सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया। जिला परियोजना समन्वयक शिव कुमार ने एलिम्को की ओर से आयी डॉक्टर की टीम एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि समग्र शिक्षा विभाग दिव्यांग बच्चों के समावेशन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु निरंतर कार्य कर रहा है, ताकि प्रत्येक बच्चा समान अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर एवं सफल नागरिक बन सके।

## 40 बिजली कर्मियों ने किया रक्तदान

**समाज में रक्तदान की पूर्ति करना बहुत जरूरी: पूनिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आपातकालीन स्थिति में रक्तदान करना न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि यह समाज को भी जोड़ता है और मानवीय मूल्य को भी बढ़ावा देता है। इसी सोच के साथ ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन के बैनर तले बिजली निगम प्रांगण में शिव मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 40 बिजली कर्मचारियों ने रक्तदान किया। सर्कल सचिव अशोक गोयत ने बताया कि शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा का फोन आया कि ब्लड बैंक मे गर्मी कि वजह से रक्त की जरूरत है, जिसके बाद यूनियन ने तुरंत ही रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय किया।

अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार पुनिया ने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है, जिसके मरीजों को रक्त की अत्यंत आवश्यकता होती है तथा ऐसे रक्तदान शिविर उन जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होते है। यूनियन के शहरी यूनिट के प्रधान रविंद्र यादव ने बताया कि शिविर में अनिल कादमा, उनकी धर्मपत्नी सुदेश देवी, अनिल शर्मा, सुनील कौशिक, सुमित, नरेंद्र बामला, लोकेश आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** रक्तदाता बिजली कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

**हृदय रोग का जोखिम हो जाता है कम**

सर्कल सचिव अशोक गोयत ने कहा कि इन दिनों अस्पतालों में बेमौसमी बुखार से काफी लोग दाखिल होते है, गर्भवती महिलाएं व अन्य रोगियों के लिए प्लेटलेट्स के लिए रक्तदान बहुत जरूरी है। राज्य ऑडिटर धर्मवीर भाटी व सकसं जिला प्रधान सुमेर आर्य ने कहा नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनने की प्रक्रिया भी तेज होती है, जिससे हृदय रोग और आयरन ओवरलोड जैसी समस्याओं का जोखिम कम होता है। उन्होंने बताया कि संकट की घड़ी में जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सके, इसलिए रक्तदान बहुत जरूरी है।

## हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा के लिए: थाना प्रभारी



*बवानीखेड़ा। शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए बवानीखेड़ा थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बुधवार को विशेष यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य बस स्टैंड, शहीद गुलाब सिंह पार्क व अन्य स्थानां पर नाकेबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल, बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि शहर में ओवरलोडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना और सड़कों पर अवैध पार्किंग आम समस्या बन गई है। शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास ट्रेफिक जाम हो जाता है। सांय के समय मोटरसाइकिल सड़कों के बीच में खड़ी करने की सूचनाएं मिलती हैं। इससे न केवल जाम लगता है बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। एसएचओ ने कहा, उनका मकसद चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है। हेलमेट और सीट बेल्ट आपकी सुरक्षा के लिए है। अनियमितताओं को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी वाहन चालक अपने दस्तावेज पूरे रखें और नियमों का पालन करें। पुलिस ने दुकानदारों को भी हिदायत दी कि वे सड़क पर सामान न रखें और अपनी दुकानों के आगे अवैध पार्किंग न होने दें।*

## बवानीखेड़ा खंड में बीपीआईयू बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई इस बैठक में खंड के सभी सीआरसी, एबीआरसी और बीआरपी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सतेंद्र सिंह ने की। बीपीआईयू के मुख्य एजेंडे में स्कूलों की मॉनिटरिंग, शिक्षकों की मेंटरिंग और निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्यों को समय पर पूरा करना शामिल रहा। अधिकारी ने कहा कि कक्षा-कक्ष की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के लिए फील्ड में निरंतर विजिट और फीडबैक जरूरी है। बैठक में सीआरसी और एबीआरसी ने अपने-अपने क्लस्टर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में बताया गया कि अधिकांश स्कूलों में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी पर विशेष फोकस किया जा रहा है। कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं को मजबूत करने के लिए चलाए जा रहे गतिविधि आधारित शिक्षण के परिणाम साझा किए गए। कर्मचारियों ने बताया कि स्कूल विजिट के दौरान पाया गया कि शिक्षक टीएलएम का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन कुछ जगह अभी भी बच्चों के लर्निंग लेवल में गैप है। इस गैप को दूर करने के लिए रेमेडियल कक्षाओं पर जोर देने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूलों में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट रोकने और अभिभावक-शिक्षक बैठक नियमित करने पर चर्चा हुई। मेंटरिंग को लेकर तय किया गया कि प्रत्येक सीआरसी स्कूलों का अकादमिक सहयोग करेगा। एबीआरसी को विषयवार शिक्षकों की हैंडहोल्डिंग की जिम्मेदारी दी गई। डिजिटल संसाधनों, दीक्षा ऐप और समर्थ हरियाणा पोर्टल के प्रयोग को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। एबीआरसी कृष्ण कुमार द्वारा सभी कर्मचारियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।



**बवानीखेड़ा।** खंड स्तरीय बैठक में संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्रसिंह।

## आर्यावर्त स्कूल की पूर्व छात्रा दिव्या अहलावत बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

**चरखी दादरी।** आर्यावर्त वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आदमपुर डाढ़ी की पूर्व छात्रा दिव्या अहलावत ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर की सफलता हासिल की है। प्राचार्य विक्रांत वशिष्ठ ने बताया कि दिव्या ने 12वीं तक की पढ़ाई आर्यावर्त स्कूल में ही पूरी की है और उसकी शुरुआत से ही प्रोफेसर बनने में रुचि थी। वशिष्ठ ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होना कोई छोटी बात नहीं है, दिव्या का प्रोफेसर बन्ना पूरे हरियाणा के लिए गर्व की बात है। प्राचार्य ने बताया कि दिव्या की रुचि हमेशा भूगोल में रही है और आज वह भूगोल विषय की प्रोफेसर बन गई हैं। आगे यह भी कहा है कि भारत के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आर्यावर्त के विद्यार्थी अपनी सेवा दे रहे हैं। दिव्या की सफलता पर आर्यावर्त संस्था के अध्यक्ष पवन वशिष्ठ, निदेशक सज्जन सिंह सांगवान, सचिव सुखबीर व पूरे आर्यावर्त परिवार और दिव्या के गांव बलाली से ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दी। आगामी दिनों में छात्रा दिव्या को विद्यालय में आमंत्रित किया जाएगा और उनका भव्य सम्मान किया जाएगा, जिससे विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलेगी।



**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

## मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन की पत्नी का निधन, शोक जताया

**बहल।** मार्केट कमेटी बहल के पूर्व चेयरमैन रामशरण दीक्षित की धर्मपत्नी एवं बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अधिवक्ता राजीव दीक्षित की माता धनकौर देवी (68) का वीरवार रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव बिठन में किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। धनकौर देवी धार्मिक विचारों एवं कर्तव्य परायण महिला थी, जो समाज की भलाई की सोच रखती थी। धनकौर अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ कर गई है। धनकौर देवी के निधन पर बहल तहसील में वकीलों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और अदालती कार्य स्थगित रखा। धनकौर के निधन पर पूर्वमंत्री जेपी दलाल, चेयरमैन रवि महमिया, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, हनुमान शर्मा पाजू, सज्जन फौजी बिधनोई, अजय बिधनोई, नवीन बिधनोई, अधिवक्ता शक्तिसिंह गाढ़ा, पवन शर्मा सुरपुरा सहित बहल तहसील कार्यालय के कर्मियों ने गहरा शोक जताया।

### बच्चों की सुरक्षा ही सीडब्ल्यूसी की सर्वोच्च प्राथमिकता: चेयरमैन तंवर

# सीडब्ल्यूसी ने घर से भटकी मासूम को 48 घंटों में परिजनों तक पहुंचाया

**भय के कारण बच्ची घर का पता या माता-पिता का नाम नहीं बता पा रही थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ मिलकर घर से रास्ता भटककर भिवानी पहुंची मासूम बच्ची को न केवल सुरक्षित रेस्क्यू किया, बल्कि महज 48 घंटों के भीतर उसे उसके परिवार से मिलने के लिए रवाना कर दिया। घर से रास्ता भटककर स्टेशन पहुंची बच्ची की काउंसलिंग कर उसे पुनर्वासित करने में सीडब्ल्यूसी की टीम ने बेहद सराहनीय भूमिका निभाई है। सीडब्ल्यूसी सदस्य अधिवक्ता धीरज सैनी ने बताया कि 20 मई को रेलवे सुरक्षा बल को रेलवे स्टेशन पर मासूम बच्ची लावारिस घूमती मिली और वह काफी डरी हुई थी। भय के कारण मासूम बच्ची घर का पता या माता-पिता का नाम बताने में असमर्थ थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ के जवानों ने तुरंत बाल कल्याण समिति से संपर्क किय। चेयरमैन प्रदीप सिंह तंवर के निर्देश पर तुरंत एक्शन लेते हुए बच्ची को सुरक्षित रखने और उसकी उचित देखभाल के लिए तत्काल वन स्टॉप सेंटर में भेजकर संरक्षण में लिया। इस पूरे रेस्क्यू और काउंसलिंग ऑपरेशन में बच्ची की मानसिक स्थिति को समझते हुए बेहद संवेदनशीलता के साथ उससे बातचीत की। अगले ही दिन 21 मई को सीडब्ल्यूसी व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने बच्ची की काउंसलिंग को आगे बढ़ाया, जिसके बाद बच्ची का डर दूर हुआ और उसने बताया कि वह मूलरूप से मध्य प्रदेश के होशंगाबाद की रहने वाली है। बच्ची ने ये भी सांझा किया कि वह अपने परिजनों की डांट के डर से नाराज होकर बिना बताए घर से निकल आई थी और ट्रेन में बैठकर यहां पहुंच गई। तथ्य सामने आते ही मध्य प्रदेश में बच्ची के परिजनों और स्थानीय प्रशासन से संपर्क साधा और बच्ची के सकुशल मिलने की सूचना दी, जिसके बाद शुक्रवार को बाल कल्याण समिति के कार्यालय में कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्ची को उसके परिजनों तक पहुंचाने के लिए आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया।



**भिवानी।** सीडब्ल्यूसी व आरपीएस टीम के साथ मासूम बच्ची।

**ये रहे मौजूद**

रेस्क्यू अभियान में सीडब्ल्यूसी सदस्य धीरज सैनी, दिनेश अत्री, सतेंद्र तंवर, नीलम, आरपीएफ एएसआई प्रवीण यादव, हैड कांस्टेबल शंकर, लेडी कांस्टेबल सोनू, स्पोर्टिंगपर्सन लक्ष्मी व हेमलता का विशेष सहयोग रहा।